Vyapam Manthan is an online exam preparation portal which help you to analyse yourself and your skills for exam. As far as possible care has been taken in compiling, But in case of any contradiction, consider the original source as authentic. Update Every Week. Checkout on Regular basis

Current Affairs | Previous Exam Papers | Mock Test | Exam Notification | Notes | Syllabus | Result

Download Current Affairs pdfs

FREE APP!

"तुहर पढ़ई Sangvari"

VYAPAM MANTHAN

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी)बोर्ड
बीज भवन, जी.ई.रोड़, तेलीबांधा, रायपुर–492006

फोन–0771–4240501, फैक्स–4094472,email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्रमांक / बी–1 / 1 / विविध / 176–4(जी) / 2020–21 / 7171 रायपुर, दिनांक– 15/3/2021

**मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक के पद पर**
**सीधी भर्ती से नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के संचालक मंडल की अनुमति के परिप्रेक्ष्य में राज्य मंडी बोर्ड सेवा संवर्ग के (तृतीय श्रेणी) छ.ग. राज्य मंडी बोर्ड सेवा विनियम 1998 के विनियम 6 एवं 7 के प्रावधान अनुसार, कृषि उपज मंडी समितियों के लिये स्वीकृत पदों के अंतर्गत रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी एवं पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाईट **www.cgvyapam.cgstate.gov.in** पर आमंत्रित किये जाते हैं।

परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

1. परीक्षा की तिथि – **29 अप्रैल 2021 (गुरूवार)**
2. परीक्षा का समय – **पूर्वान्ह 09:00 बजे से 12:15 बजे तक।**
3. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि – **18.03.2021 (गुरूवार)**
4. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरकर ऑनलाईन परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि – **04.04.2021 (रविवार), रात्रि 11:59 बजे तक।**
5. त्रुटि सुधार करने की तिथि– **05 अप्रैल 2021 से 09 अप्रैल 2021 तक।**
5. व्यापम की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि – **19.04.2021 (सोमवार)**
6. परीक्षा केन्द्र – **08 जिला मुख्यालयों में – अम्बिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर, रायगढ़, कांकेर एवं दंतेवाड़ा ।**
7. रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | पद का नाम | वेतन मैट्रिक्स | वर्ग | पद संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मंडी निरीक्षक | लेवल–7 वेतन मैट्रिक्स– 28700–91300 | अनारक्षित | 09 (03 महिला हेतु आरक्षित एवं 01 भू.पू.सै. हेतु आरक्षित) | स्नातक। |
| | | | अनुसूचित जनजाति | 07 (02 महिला हेतु आरक्षित एवं 01 भू.पू.सै. हेतु आरक्षित) | |
| | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | 03 (01 महिला हेतु आरक्षित) | |
| | | | अनुसूचित जाति | 03 (01 महिला हेतु आरक्षित) | |
| | | | कुल पद | 22 | |
| 2 | उप निरीक्षक | लेवल–6 वेतन मैट्रिक्स– 25300–80500 | अनुसूचित जनजाति | 118 (35 महिला हेतु आरक्षित एवं 12 भू.पू.सै. हेतु आरक्षित) | स्नातक। |
| | | | अनुसूचित जाति | 28 (08 महिला हेतु आरक्षित एवं 03 भू.पू.सै. हेतु आरक्षित) | |
| | | | कुल पद | 146 | |

8. विस्तृत विज्ञापन, पाठ्यक्रम, ऑनलाईन आवेदन एवं शुल्क भुगतान की विधि तथा अन्य जानकारी व्यापम की वेबसाईट **www.cgvyapam.cgstate.gov.in** पर देखा जा सकता है।

प्रबंध संचालक
छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
रायपुर (छ.ग.)

E:\Board karmik\Generl\Vyapam Bharti\Sidhi Bharti 2021.doc

Vyapam Manthan

Online TEST SERIES App

Vyapam Manthan is an online exam preparation portal which help you to analyse yourself and your skills for exam. As far as possible care has been taken in compiling, But in case of any contradiction, consider the original source as authentic. Update Every Week. Checkout on Regular basis
Current Affairs | Previous Exam Papers | Mock Test | Exam Notification | Notes | Syllabus | Result
Download Current Affairs pdfs
"तुहर पढ़ई Sangvari"
FREE App!
VYAPAM MANTHAN

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी)बोर्ड
बीज भवन, जी.ई.रोड़, तेलीबांधा, रायपुर–492006
फोन–0771–4240501, फैक्स–4094472 email-mdcgmandiboard@gmail.com website-www.agriportal.cg.nic.in

छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत व्यापम के माध्यम से मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक के रिक्त पदो को भरे जाने हेतु, जारी विज्ञापन कमांक 7/7/......, दिनांक 15.03.21 के परिप्रेक्ष्य में अभ्यार्थियों के नियुक्ति के लिए विहित शर्तो की जानकारी निम्नानुसार है :–

1. आवेदक का छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है। आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2021 को 21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए, अन्य विशेष वर्गो के लिये राज्य शासन द्वारा जो आयु छूट दी गई है वे छूट यथावत लागू रहेगी। मंडी बोर्ड में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी/संविदा कर्मचारियों को निर्धारित आयु सीमा में 05 वर्ष की शिथिलता प्रदान की जावेगी। सभी प्रकार के छूटों को लागू करने के बाद सेवा में नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नही होगी । अतः आवेदक अपने आयु सीमा में छूट हेतु शासकीय नियमों निर्देशों को भली भांति अध्ययन कर लें एवं उसके प्रमाण स्वरूप आवश्यक स्व प्रमाणित दस्तावेज सत्यापन के समय उपलब्ध करावें।
2. आवेदित पद के अनुरूप शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों सहित जन्मतिथि प्रमाणित करने के लिये प्रमाण पत्र जिसमें जन्मतिथि का उल्लेख हों, दस्तावेज सत्यापन के समय उपलब्ध करावें।
3. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछडा वर्ग के आवेदक को स्थायी जाति प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित प्रति, दस्तावेज सत्यापन के समय उपलब्ध करावें।
4. यदि किसी भी आरक्षित अथवा अनारक्षित वर्ग के महिलाओं के लिये आरक्षित पद पर उपयुक्त महिला अभ्यार्थी के अभाव के कारण चयन न होने से रिक्त रह जाते हैं तो ऐसे रिक्त पद अग्रेषित (Caryforward) नही किये जायेगें, वरन उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवार के चयन द्वारा भरे जा सकेगें जिस प्रवर्ग के लिये आरक्षित है। अनारक्षित पद के विरूद्व सभी वर्ग के योग्य उम्मीदवार आवेदन दे सकते है।
5. दिव्यांग और भूतपूर्व सैनिक के विरूद्ध सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमी लेयर को छोड़कर) में से जिस श्रेणी के आवेदक होगें, उसे हॉरिजेन्टल आरक्षण के कारण उस श्रेणी के अंतर्गत माना जावेगा।
6. आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं करें तथा विज्ञापित पद के लिये निर्धारित अर्हता/शर्तो को पूरा करने पर ही आवेदन करें। चयन प्रकिया के दौरान किसी भी स्तर पर आवेदन के अयोग्य पाये जाने पर आवेदन/नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी तथा आवश्यकतानुसार समुचित वैधानिक कार्यवाही भी की जावेगी।
7. उपरोक्त पदो पर किसी भी अभ्यार्थी की नियुक्ति के लिये किसी भी प्रकार की अनुशंसा अथवा दबाव वर्जित है। ऐसा पाये जाने पर संबंधित आवेदक का आवेदन निरस्त किया जावेगा ।
8. अभ्यार्थी की सेवा राज्य मंडी बोर्ड सेवा विनियम 1998 के अधीन शासित होगी ।
9. विज्ञापन में दर्शाये गये पदों की संख्या में वृद्वि या कमी करने संबंधी निर्णय लेने का सर्वाधिकार प्रबंध संचालक, छ०ग०राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड रायपुर को होगा ।

E:\Board karmik\Generl\Vyapam Bharti\Sidhi Bharti 2021.doc
4

Vyapam Manthan
Online TEST SERIES App
Vyapam Manthan FB Page VM Telegram VM Twitter VM INSTA VM YouTube VM Help

Vyapam Manthan is an online exam preparation portal which help you to analyse yourself and your skills for exam. As far as possible care has been taken in compiling, But in case of any contradiction, consider the original source as authentic. Update Every Week. Checkout on Regular basis

Current Affairs | Previous Exam Papers | Mock Test | Exam Notification | Notes | Syllabus | Result

Download Current Affairs pdfs

FREE APP!

"तुहर पढ़ई Sangvari"

VYAPAM MANTHAN

10. भर्ती प्रकिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड रायपुर का होगा ।

11. **व्यापम स्तर पर दोनों पदों हेतु एक ही ऑनलाईन आवेदन लिया जाएगा एवं एक ही परीक्षा आयोजित की जावेगी। कृषि विपणन बोर्ड द्वारा मूल दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत मेरिट के आधार पर प्रथम कम में "मण्डी निरीक्षक" के पदों पर चयन/नियुक्ति/उपस्थिति उपरांत द्वितीय कम पर उसी मेरिट के आधार पर "उप निरीक्षक" के पदों पर चयन/नियुक्ति की जाएगी।**

12. शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत नियमित/संविदा कर्मचारियों को नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्तकर, दस्तावेज सत्यापन के समय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

13. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो संबंधित की नियुक्ति स्वमेव समाप्त मानी जावेगी।

14. प्रतीक्षा सूची जारी दिनांक से एक वर्ष के लिये मान्य होगी।

15. पद भरने या नही भरने या विज्ञापन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्रबंध संचालक, छ0ग0राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड का होगा।

16. सेवा में रिक्त पदो पर सीधे भर्ती **3 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर नियुक्ति की जावेगी तथा नियुक्त सेवकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में कमशः उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 70%, 80%,** एवं **90% राशि स्टायपेण्ड के रूप में दिया जायेगा तथा परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर वेतनमान के न्यूनतम पर वेतन नियत किया जायेगा।**

17. प्रत्येक परिवीक्षा पर नियुक्त कर्मचारी को नियुक्ति के दिनांक को यह अनुबंध करना होगा कि वह कम से कम तीन वर्ष तक बोर्ड की सेवा करेगा और अनुबंध के उल्लघंन की दशा में तीन माह के वेतन एवं भत्तों की पूर्ति के रूप में नगद जमा करेगा।

18. सेवा में नियुक्त किया गया प्रत्येक व्यक्ति अपनी सेवा प्रांरभ करने के तत्काल पूर्व में उसके स्वामित्व की, उसके द्वारा अर्जित या प्रबंधित या उसके कुटुम्ब के उस पर आश्रित किसी भी सदस्य के स्वामित्व की, उसके द्वारा अर्जित या प्रबंधित समस्त अचल संपत्तियों की घोषणा करेगा।

19. उसे भारत के संविधान के प्रति अपनी निष्ठा घोषित करनी होगी, और

20. वह यह भी घोषित करेगा कि उसे सेवा के निबंधनो नियमों तथा शर्तों की जानकारी है व वह उसका पूर्णतः पालन करेगा।

21. ऐसा कोई पुरूष उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक जीवित पत्नियां हो तथा ऐसी कोई भी महिला उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही जीवित पत्नी हो, सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा/होगी।

22. किसी भी ऐसे उम्मीदवार को सेवा या पद पर नियुक्ति नहीं किया जावेगा (क) यदि उसे शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के परिणाम स्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो, तथा लोक सेवा में नियोजन के लिये अनर्ह घोषित कर दिया गया हो, (ख) यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।

23. दिनांक 11.05.2000 से जो व्यक्ति विवाह की न्यूनतम निर्धारित आयु से पहले विवाह करेगा, उसे राज्य मंडी बोर्ड सेवा में भर्ती के लिये अयोग्य माना जावेगा।

24. यह नियुक्तियां माननीय उच्च न्यायालय, छ.ग. बिलासपुर के रिट पिटीशन (सी) कमांक 591/2012, 592/2012, 593/2012 तथा 594/2012 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित किये जाने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्याधीन होगी।

अपर संचालक
छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
रायपुर (छ.ग.)

Vyapam Manthan

Online TEST SERIES App

Vyapam Manthan FB Page VM Telegram VM Twitter VM INSTA VM YouTube VM Help

Vyapam Manthan is an online exam preparation portal which help you to analyse yourself and your skills for exam. As far as possible care has been taken in compiling, But in case of any contradiction, consider the original source as authentic. Update Every Week. Checkout on Regular basis

Current Affairs | Previous Exam Papers | Mock Test | Exam Notification | Notes | Syllabus | Result

Download Current Affairs pdfs

FREE APP!

"तुहर पढ़ई Sangvari"

VYAPAM MANTHAN

मंडी निरीक्षक/उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा- हेतु पाठ्यक्रम

कुल प्रश्न : 150, कुल अंक : 150

भाग –क

हिन्दी व्याकरण सहित

अंक–10

(प्रश्न पत्र के इस भाग में 10 अंको के कुल 10 प्रश्न होंगे)

- स्वर, व्यंजन, वर्तनी
- लिंग, वचन, काल
- संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, किया, किया विशेषण, कारक
- समास रचना एवं प्रकार
- संधि– स्वर, व्यंजन एवं विसर्ग संधि
- रस व अलंकार, दोहा, छंद, सोरठा
- व्याकरणिक अशुद्धियां
- शब्द रचना – उपसर्ग एवं प्रत्यय
- शब्द प्रकार, तत्सम, तदभव, देशज, विदेशी
- पर्यायवाची, विलोमार्थी, अनेकार्थी शब्द, अनेक शब्दों या वाक्यांश के लिए एक शब्द
- मुहावरे व लोकोक्तियां

अंग्रेजी

General English with Grammer

(प्रश्न पत्र के इस भाग में 10 अंको के कुल 10 प्रश्न होंगे)

UNIT-1 ENGLISH GRAMMER -
- Number, Gender, Articles
- Pronoun, Adjectives, Verb, Adverb
- Use of some important conjunction
- Use of some Important preposition

UNIT-2 TRANSFORMTION OF SENTENSES -
- Active/Passive Voice
- Direct/Indirect Narration

UNIT-3 VOCABULARY -
- Synonyms/Antonyms
- One word substitution
- Spellings
- Proverb, Idioms and phrases

VYAPAM Manthan www.vyapammanthan.com

गणित

(प्रश्न पत्र के इस भाग में 30 अंको के कुल 30 प्रश्न होंगे)

इकाई–1
- प्राकृतिक/पूर्ण/पूर्णांक/परिमेय/अपरिमेय/वास्तविक संख्याओं पर आधारित संकियायें।
- संख्याओं का वर्ग, घन, गुणनखण्ड, वर्गमूल, घनमूल एवं घातांक नियम
- महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य
- भिन्न संख्या एवं उनकी संकिया

D. E.

Credible Chhattisgarh

Vyapam Manthan

Online TEST SERIES App

FREE APP!
VYAPAM MANTHAN
"तुहर पढ़ई Sangvari"

- औसत, चाल, समय, दूरी

इकाई–2

अ. बीजगणित – बीजगणित के मूलभूत नियमों/संकियाऐं
ब. एक चर एवं दो चर वाले रैखिक/युगपत समीकरण
स. औसत, चाल, समय, दूरी

इकाई–3

- अनुपात–समानुपात
- प्रतिशत, क्रय/विकय मूल्य, लाभ/हानि
- साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज

इकाई–4

- रेखा एवं कोण
- त्रिभुज, चतुर्भुज तथा वृत्त
- गोला, बेलन, शंकु घन, घनाभ

**भाग – ख**

**(प्रश्न पत्र के इस भाग में 15 अंको के कुल 15 प्रश्न होंगे)**

**(अ) सामान्य मानसिक योग्यता**

**इस भाग में निम्नांकित से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे :–**

तर्क करना, संबंध देखना, एनालॉजी, अंकिक योग्यता आदि।

इन कारणों का परीक्षण करने के लिए सामान्यतः इस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं– विषमता को पहचानना, आंकिक श्रेणी, अक्षर श्रेणी, अक्षर अंक और चित्रां द्वारा संबंध देखना, सांकेतिक भाषा, छुपे हुए चित्र, वर्ग एवं अंक, गणितीय संकियाऐं चित्रों का मिलान, विभिनन प्रकार के पैटर्न आदि।

**(ब) सामान्य ज्ञान :–**

**(प्रश्न पत्र के इस भाग में 35 अंको के कुल 35 प्रश्न होंगे)**

1. **भारतीय व्यवस्था एवं संविधान** – मुख्य संवैधानिक प्रावधान, मौलिक कर्तव्य एवं अधिकार, सूचना का अधिकार, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय प्रतीक, राष्ट्रीय व्यक्तित्व, लोकतंत्र एवं चुनाव लोकसभा, राज्य सभा
2. **भारतीय इतिहास एवं राष्ट्रीय आंदोलन** – भारतीय सभ्यता एवं सांस्कृतिक, ऐतिहासित घटनाएं (छत्तीसगढ़ बोर्ड के कक्षा 10 वीं तक के पाठ्यक्रम स्तर तक), भारतीय स्वतंत्रता का इतिहास 1857 से 1947 तथा 1947 के बाद घटनाकम।
3. **भूगोल** – छत्तीसगढ़ बोर्ड के कक्षा 10 वीं तक के स्तर तक सामान्य भूगोल, भारत एवं विश्व का भूगोल।
4. **भारतीय अर्थ व्यवस्था** – सामाजिक एवं आर्थिक विकास, जनसंख्या परिप्रेक्ष्य, सकल राष्ट्रीय उत्पादन और प्रति व्यक्ति आय, पंचवर्षीय योजनाएँ, कृषि व ग्रामीण विकास, औद्योगिक विकास, भारतीय अर्थव्यवस्था, बैंक प्रणाली, वर्तमान आर्थिक घटनाकम (छत्तीसगढ़ बोर्ड के कक्षा 10 वीं तक के पाठ्यकम स्तर तक)
5. **सामान्य विज्ञान** – छत्तीसगढ़ बोर्ड के कक्षा 10 वीं तक के स्तर तक भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं जीव तथा वनस्पति विज्ञान से संबंधित मूलभूत जानकारी।

**(स) समसामयिक घटनाकम खेलकूद, देश विदेश**

**(प्रश्न पत्र के इस भाग में 15 अंको के कुल 15 प्रश्न होंगे)**

राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय एवं छत्तीसगढ़ से संबंधित सामान्य जानकारियाँ, घटनाएँ खेल साहित्य।

D. E.

Credible Chhattisgarh
Vyapam Manthan
Online TEST SERIES App

Vyapam Manthan is an online exam preparation portal which help you to analyse yourself and your skills for exam. As far as possible care has been taken in compiling, But in case of any contradiction, consider the original source as authentic. Update Every Week. Checkout on Regular basis
Current Affairs | Previous Exam Papers | Mock Test | Exam Notification | Notes | Syllabus | Result
Download Current Affairs pdfs
FREE APP!
"तुहर पढ़ई Sangvari"
VYAPAM MANTHAN

(द) छत्तीसगढ़ की सामान्य जानकारी

**(प्रश्न पत्र के इस भाग में 15 अंको के कुल 15 प्रश्न होंगे)**

छत्तीसगढ़ का इतिहास, भूगोल, राजनैतिक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था शासकीय योजनाएं, पुरस्कार–सम्मान, परम्परायें लोकगीत–संगीत, महत्वपूर्ण व्यक्तित्व एवं छत्तीसगढ़ से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषय।

भाग – ग

**कम्प्युटर का सामान्य जानकारी (20 अंक)**

1. कम्प्युटर का उपयोग – कम्प्युटर का उपयोग कहॉ–कहॉ एवं किस लिए किया जाता है। इसकी सामान्य जानकारी।
2. कम्प्युटर के प्रमुख भाग– सी.पी.यू. इनपुट डिवाईस, आउटपुट डिवाईस की सामान्य जानकारी।
3. प्रिंटर के प्रकार – इंकजेट, लेजरजेट एव अन्य प्रकार के प्रिंटर।
4. आपरेटिंग सिस्टम के नाम – MS DOS, कामर्शियल एवं ओपन सोर्स, आपरेटिंग सिस्टम के नाम।
5. कार्यालय के उपयोग के लायक सामान्य माईक्रोसॉफ्ट ऑफिस के अंतर्गत वर्ड, एक्सेल एवं पावर पॉइंट की जानकारी।
6. इंटरनेट के उपयोग – ई–मेल, डाक्यूमेंट सर्चिंग, वेबसाईट सर्फिंग विभिन्न सरकारी विभागों के वेबसाईट की सामान्य जानकारी।
7. एंटीवायरस के उपयोग – कम्प्युटर वायरस से होने वाले नुकसान एवं कम्प्युटर वायरस की सामान्य जानकारी ।
8. मल्टीमीडिया के उपयोग – ऑडियो, वीडियो एवं टेक्स्ट का उपयोग करने की सामान्य जानकारी।
9. सी.डी. / डी.व्ही. डी. से संबंधित सामान्य जानकारी।
10. गूगल, अलविस्ता, यू–ट्यूब की सामान्य जानकारी – सर्च इंजिन से वांछित जानकारी कैसे प्राप्त की जाए इसकी सामान्य जानकारी।

| अध्यक्ष | सदस्य 24/12 | सचिव / सदस्य 24/12/19 |
|---|---|---|
| के.आर.बंजारे | आर0के0कश्यप | आर.के.वर्मा |
| अपर संचालक | संयुक्त संचालक | उपसंचालक |
| छ0ग0राज्य कृषि विपणन बोर्ड | छ0ग0राज्य कृषि विपणन बोर्ड | छ0ग0राज्य कृषि विपणन बोर्ड |
| रायपुर | रायपुर | रायपुर |

सदस्य
के.सी.शर्मा
लेखाधिकारी
छ0ग0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
रायपुर

D.E.

Credible Chhattisgarh
Vyapam Manthan
VYAPAM Manthan www.vyapammanthan.com
Online TEST SERIES App
Vyapam Manthan FB Page VM Telegram VM Twitter VM INSTA VM YouTube VM Help